# विराटनगर को नव घोषित कोटपुतली जिले में शामिल करने का विरोध

## जयपुर जिले में यथावत रखने को लेकर संघर्ष समिति का धरना 55वें दिन भी जारी

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर क्षेत्र को कोटपुतली जिले में शामिल करने का विरोध व जयपुर जिले में यथावत रखने को लेकर को संघर्ष समिति का उपखंड मुख्यालय विराटनगर के सामने अनशन 55वें दिन भी जारी रहा। क्रमिक अनशन पर भाजपा नेता पवन शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी बाबूलाल रुडला, देवनारायण लटाला, महेश कुमार सैनी, मूलचंद हलवाई, भागीरथ मल, दिनेश देवंदा, नरेंद्र सिंह शेखावत, लोकेश शर्मा, जय कुमार सैनी, बंशीधर स्वामी, राजेंद्र प्रसाद बुनकर, लक्ष्मण राम बुनकर, दौलतराम, नंद किशोर छिंपा, कैलाश चंद शर्मा, पूरणमल शर्मा, सरदारमल यादव, अनीश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान संघर्ष समिति के पदाधिकारी जगदीश यादव एवं पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया कि 55 दिन से संघर्ष कर रहे विराटनगर क्षेत्र के लोगों की भावना को राजस्थान में अशोक गहलोत की सरकार हल्के में लेकर भारी भूल कर रही है। जिले की मांग के प्रति सरकार की अनदेखी का जवाब समय आने पर विराटनगर की जनता लाजमी देगी। यह आंदोलन शहर की आम जनता का आंदोलन बन चुका है जनता का इस मांग को भावनात्मक समर्थन है धरना स्थल पर समाज के सभी वर्ग के लोग दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं।

गौरतलब है कि लगातार 55 दिनों से विराटनगर पंचायत समिति क्षेत्र के सर्व समाज द्वारा क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। परंतु अभी तक सरकार द्वारा इस मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। लगातार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित समस्त जिमेदार प्रशासनिक अधिकारियों को भी क्षेत्रवासी अपनी मांग से अवगत करा चुके हैं। परंतु अभी तक भी संतुष्टिपूर्वक जवाब नहीं आया। क्षेत्रवासी अपनी जायज मांग पर अडिग है।



संघर्ष समिति का उपखंड मुख्यालय विराटनगर के सामने 55वें दिन भी अनशन जारी रहा।

- ‘मांग को नजर अंदाज करना सरकार को पड़ेगा भारी, वक्त आने पर जनता देगी जवाब’

# नाबालिग से रेप के मामले में दोषी को मरते दम तक जेल

## कोर्ट ने सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी को शेष प्राकृतिक जीवन जीने तक जेल में रहना होगा

**अजमेर,** (कासं)। नाबालिग से रेप के मामले में पोक्सो कोर्ट ने जिंदगी भर जेल में रहने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सजा सुनाते हुए कहा-दोषी को शेष प्राकृतिक जीवन जीने तक जेल में रहना होगा। साथ ही 58 हजार का अर्थ दंड सुनाया है। कोर्ट ने फैसला देते हुए कहा कि आरोपी की ओर से किए गए घृणित कृत्य को देखते हुए उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

घटना तीन साल पहले केकड़ी थाना क्षेत्र में हुई थी, पीड़िता के पिता ने 27 अप्रैल 2020 को केकड़ी थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। रात को साढे तीन बजे करीब पत्नी उठी तो देखा कि नाबालिग बच्ची नहीं है। इस पर उसे तलाश किया। नहीं मिली तो ससुर को बताया। ससुर मोटरसाइकिल लेकर खेत पर गए तो बच्ची चिल्लाती हुई मिली। बेटी ने बताया कि एक आदमी उसे सोते हुए उठाकर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। बाद में उसे अस्पताल लेकर गए, जहां उसे भर्ती कराया। पीड़िता के शरीर पर चोट के निशान थे।

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की। विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेन्द्र परिहार ने बताया कि मामले में पुलिस ने सावरलाल माली पुत्र रामलाल माली (28) को गिरफ्तार किया था जो मजदूरी का काम करता था। कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई। पीड़िता आरोपी को पहचान नहीं पाई। आरोपी के अपराध व डीएनए रिपोर्ट में पीड़िता से रेप की पुष्टि हुई। मामले में 19 गवाह व 50 दस्तावेज पेश किए। जज बी.एल. जाट ने अपने फैसले में कहाकि आरोपी की ओर से किए गए घृणित कृत्य को देखते हुए उसके प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। जो एक गम्भीर प्रकृति का अपराध है।

इसके लिए उसे विभिन्न धाराओं में अलग अलग सजा सुनाते हुए आजीवन कारावास-प्राकृतिक जीवन जीने तक व 58 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। सांवरलाल की पीड़ित परिवार से कोई जान पहचान नहीं थी। पीड़ित परिवार झोपड़ी बनाकर रहता है। घटना के समय घर में मां, पिता, छोटे भाई बहन थे। जांच में सामने आया था रात को घर के सामने से गुजरते वक्त नाबालिग को उठा ले गया था।

- आरोपी को पहचान नहीं पाई पीड़िता, आरोपी के अपराध व डीएनए रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई

# प्राइवेट कंपनी के प्रतिनिधियों ने 40 हजार की रिश्वत मांगी

## कृषि कनेक्शन के नाम पर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**बीकानेर,** (निसं)। पांचू एरिया में कृषि कनेक्शन जारी करने के नाम एक प्राइवेट कंपनी के प्रतिनिधियों ने चालीस हजार रुपए की रिश्वत मांगी। दोनों प्रतिनिधियों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बीकानेर टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। जोधपुर डिस्कॉम ने एक निजी कंपनी को कनेक्शन का काम दिया हुआ है, इसी कंपनी के प्रतिनिधियों पर रिश्वत की राशि लेने का आरोप लगा है। ब्यूरो के प्रदेश मुख्यालय के निर्देश पर ये कार्रवाई हुई है। बीकानेर टीम ने कार्रवाई करते हुए सुरेश कुमार एवं रोहिताश मीणा को रिश्वत के रुपए लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ये दोनों भंवरिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड में काम करते हैं। इसे जोधपुर डिस्कॉम ने इस एरिया में काम करने के लिए अधिकृत किया है। परिवादी से 40 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की बीकानेर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी गई कि उसके पिता के नाम जारी कृषि कनेक्शन को लगाने एवं सामान देने की एवज में भंवरिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि सुरेश कुमार एवं रोहिताश मीणा 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहे हैं। जिस पर एसीबी बीकानेर के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के सुपरवीजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनिया के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शनिवार को पुलिस निरीक्षक श्रवण कुमार एवं उनकी टीम ने ट्रेप कार्रवाई करते हुए सुरेश कुमार पुत्र हरलाल सिंह निवासी ग्राम ठिकरिया, तहसील खण्डेला, जिला सीकर एवं रोहिताश मीणा पुत्र मालीराम निवासी निवासी वार्ड नं. 15, मीणों का मोहल्ला, बस स्टेण्ड के पास, श्रीमाधोपुर सीकर को गिरफ्तार कर लिया। परिवादी से 45 हजार रुपये रिश्वत राशि प्राप्त कर 5 हजार रुपये परिवादी को वापस लौटाकर 40 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

- जोधपुर डिस्कॉम ने प्राइवेट कंपनी को काम दिया था
- उसी के दो प्रतिनिधि ले रहे थे रिश्वत

## मालपुरा में अंधड़ व बरसात के साथ ओले गिरे

**मालपुरा,** (निसं)। शनिवार की शाम को हुए मौसम में बदलाव के बाद चली धूलभरी आंधी देखते ही देखते तूफान व भारी बरसात में तब्दील हो गई। तेज हवाओं के साथ ही शुरू हुआ बरसात का दौर ओलों की बरसात में तब्दील हो गया। उपखण्ड क्षेत्र के चौसला, चैनपुरा, गरजेडा, अरनिया बस्सी, डेंचवास, सदरपुरा, देशमा, देशमी सहित दर्जनों गांवों में हुई तेज बरसात के साथ गिरे ओलों से जमीन पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई। नींबू के आकार के ओले गिरने से जनजीवन बाधित हो गया। तेज अंधड़ से कई पेड़ धराशाही हो गये। टीन-टप्पर उड कर दूर खेतों में जा गिरे। जिससे लोगों को भारी नुकसान हुआ। जून के महिने में भीषण गर्मी के बजाय ओलों की बरसात होने से लोग हैरान व परेशान दिखे। घंटों तक यातायात जाम हो गया। खेतों में बोये पशुओं के ज्वार व बाजरी सहित रंजके की फसल में नुकसान होने से पशुपालक चिन्तित दिखाई दिये। बार-बार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बिगड़ रहे प्रकृति के प्रकोप का सामना आमजन को करना पड़ रहा है।

# कुण्ड में कूदकर छात्रा ने आत्महत्या की

## फैल हो जाने के कारण मानसिक तनाव में थी

**बीदासर,** (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के शुक्रवार को आये बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद निकटवर्ती ढाणी गांव रामदेवरा में 18 वर्षिय कंचन मेघवाल ने परीक्षा परिणाम में फैल हो जाने के कारण मानसिक तनाव में आकर खेत में बने कुण्ड में कूद कर आत्महत्या कर ली।

थानाधिकारी जगदीश सिंह ने बताया कि बीदासर कस्बे के वार्ड नं 19 हाल ढाणी रामदेवरा निवासी रामचन्द्र मेघवाल ने लिखित रिपोर्ट दी कि मेरे मामेरे भाई भीवाराम मेघवाल की 18 वर्षिय पुत्री कंचन ने शुक्रवार की दोपहर में 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अनुत्तीर्ण हो जाने के कारण मानसिक तनाव में आकर अपने खेत में बने पानी के कुण्ड में रात्रि के समय 8 बजे स्वंय गिरकर आत्महत्या कर ली। उस समय कंचन की मां घर के अंदर रसोई में खाना बना रही थी।

काफी देर तक कंचन नही दिखी तो इधर-उधर देखने पर कुण्ड के उपर कंचन की चप्पल पड़ी दिखी तो कुण्ड के अंदर देखा तो पता चला कि कंचन ने मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या की है। पुलिस ने रामचन्द्र की रिपोर्ट पर मर्ग का मामला दर्ज कर मृतका के शव को ग्रामीणों के सहयोग से कुण्ड से बाहर निकलावाकर शनिवार को राजकीय सीएचसी में मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।


छात्रा कंचन।

## फांसी लगा युवक ने आत्महत्या की

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पुलिस थाना श्रीमाधोपुर के लिसाड़िया ग्राम में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हैड कांस्टेबल अमर सिंह ने बताया कि मृतक लिसाड़िया निवासी मोहन सिंह (23) पुत्र राजेंद्र सिंह राजपूत है।

मृतक लिसाडिया में स्थित मां भगवती मंदिर में ही निवास करता था जो कि आज अल सुबह अचानक मंदिर के पीछे की ओर जाकर कूंदे में फांसी का फंदा लगाकर लटक गया। जब वह काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटा तो परिजन पीछे जाकर देखा तो वह लटका हुआ मिला जिसके बाद परिजनों ने आसपास के लोगों को सूचना दी। आसपास के लोगों ने फांसी पर लटके मोहन सिंह को नीचे उतारकर निजी वाहन से सरकारी अस्पताल श्रीमाधोपुर लेकर पहुंचे जहां पर उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना के बाद अस्पताल में पुलिस पहुंची और परिजनों की दी मृग रिपोर्ट पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। फ़िलहाल युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक तौर पर मृतक शराब के सेवन का नशा करता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# भीलवाड़ा में 35 लाख रुपए की अफीम पकड़ी

## 7 किलो 170 ग्राम अफीम सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर/भीलवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को भीलवाड़ा जिले के थाना काछोला थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के तहत बड़ी कार्रवाई कर तस्कर बद्री लाल गुर्जर पुत्र हीरा (43) निवासी थाना जहाजपुर भीलवाड़ा और मेघराज धाकड़ पुत्र रामपाल (27) निवासी भगुनगर भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मुख्य पुलिस मुख्यालय स्तर पर डीआईजी डॉ राहुल प्रकाश के मोनिटरिंग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है। टीम में इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत, हेड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा व रामनिवास एवं कॉन्स्टेबल भूपेंद्र और विश्राम शामिल है।

एडीजी एमएन ने बताया कि भीलवाड़ा में आसूचना संकलन के दौरान स्थानीय पुलिस के सहयोग से टीम ने बद्री लाल गुर्जर और मेघराज धाकड को अवैध 7 किलो 170 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 35 लाख रुपये आंकी गई है। स्थानीय पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से इनके नेटवर्क और मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## सेट के ई-प्रमाण पत्र मिलेंगे ऑनलाइन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। जीजीटीयू कैम्पस में शनिवार का दिन बहुत हलचल भरा रहा। गौरतलब है कि इस बार राज्य सरकार ने राज्य पात्रता परीक्षा और पीटीईटी परीक्षा के आयोजन का जिम्म गोविन्द गुरु जनजातीय विवि बांसवाड़ा जीजीटीयू को दिया हुआ है।

कुलपति प्रो.आई,वी त्रिवेदी ने बताया कि राज्य पात्रता परीक्षा ‘आर-सेट 2023’ का अंतरिम पात्रता परिणाम जारी किया जा चुका है। परिणाम में अंतरिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों को अब पात्रता प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन ही प्राप्त होंगें। यूजीसी के द्वारा जारी नियम अनुसार अंतरिम रूप से पात्र परीक्षार्थियों को निर्धारित प्रक्रिया द्वारा ई प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया विवि ने प्रारंभ कर दी है। राज्य समन्वयक ने बताया कि गत माह 21 मई को ही राज्य के 1494 केन्द्रों पर करीब सवा पाँच लाख विद्यार्थियों ने राज्य के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में दो वर्षीय बी.एड एवं चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी.एड हेतु परीक्षा दी।

# मिस्त्री ने चार लाख का माल गायब किया

**पाटन,** (निसं)। डाबला रोड पर स्थित महादेव इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक सुरेश कुमार पुत्र पूरणमल सैनी उर्फ़ बागवान ने स्वयं की दुकान पर कार्य करने वाले मिस्त्री के खिलाफ दुकान से लगभग चार लाख रुपए का सामान चोरी करने की रिपोर्ट पाटन थाने में दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में लिखा है कि मेरी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर गांव मालासर जिला झुंझुनू निवासी मुकेश पुत्र पोकरमल मीणा गत 9-10 महीनों से काम कर रहा था। 1 जून को मैं किसी काम से अलवर गया था दो जून की शाम को मैं जब अपनी दुकान पर पहुंचा तो मुकेश वहां उपस्थित नहीं मिला। मैंने उसको फोन लगाया तो उसका फोन भी नहीं लगा। मैंने जब अपनी दुकान में रखा सामान देखा तो दुकान से लगभग चार लाख रुपए का सामान गायब मिला। दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो कैमरे की चिप भी गायब मिली तथा दुकान से 3 डीजे मशीन, 6 बड़े बॉक्स स्पीकर, दो मोबाइल चार्जर, 8 की 10 मेमोरी कार्ड, 16 की सात मेमोरी कार्ड, 32 की 5 मेमोरी कार्ड, 16 के सात पेन ड्राइव, 32 के 6 पेनड्राइव, 64 जीबी के पांच पेन ड्राइव, 10 ईयर फोन लीड, 20 ब्लूटूथ ,20 नग डाटा केबल, दो स्पीकर ब्लूटूथ मोबाइल वाले, एक बड़ा स्पीकर, दो नैनो की टॉर्च, 8 एलईडी बल्ब, दो एंपलीफायर, 20 नग क्वाइल डीजे स्पीकरों की, 3 पीस स्पीकर प्लेट, दो बट्टी टूटर, दो ड्रिल मशीन, एक गरम मशीन, एक फंवारा मशीन, एक लैपटॉप, कंप्यूटर, दो हिसाब के रजिस्टर, रिपेयरिंग टूल्स आदि सामान जिसकी कुल राशि लगभग चार लाख रुपए बाजार भाव के हिसाब से ले गया। मुकेश के मोबाइल पर बराबर फोन किए गए परंतु उसने फोन उठाया ही नहीं। मुकेश जहां रहता था वहां जाकर पता किया तो वहां भी मकान के ताला लगा हुआ मिला।

# बाइक-ट्रक की टक्कर में युवक की मौत

## बाइक चला रहा चचेरा भाई घायल हुआ

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के श्रीडुंगरगढ मार्ग स्थित माणकसर तालाब चौराहे स्थित एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने रोंग साईड में आकर साईड में चल रहे बाईक सवार के टक्कर मारी। जिससे कस्बे के वार्ड 7 के शिवरतन नाई ऊर्फ नन्दू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। तथा बाईक चला रहा उसका चचेरा भाई रामलाल घायल हो गया। दुर्घटना का पता चलते ही बस स्टेण्ड पर बैठे पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवांहर सिंह राठौड़, पूर्व पार्षद शिवरतन दर्जी सहित आधा दर्जन लोग घटना स्थल पर पहुंचकर घायल को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया तथा मृतक शिवरतन के शव को मोर्चरी में रखवाया।

घटना के बाद वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह जब कस्बेवासीयों को लगी तो राजकीय सीएचसी में समाज व अन्य समाज के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गये तथा वाहन चालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर शव का पोस्टमार्टम नही होने दिया तथा सीएचसी में धरने पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि जब तक वाहन चालक को गिरफ्तार नही किया जायेगा तब तक मोर्चरी से शव नही उठायेंगे। इस दौरान थानाधिकारी जगदीश सिंह ने लोगो से समझाइस भी की लेकिन प्रदर्शन करने वाले गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे।

इस दौरान सुबह से ही कस्बे के जागरूक नागरिक दुर्घटना कारीत वाहन की खोजबीन में लग गये। दोपहर बाद वाहन व वाहन चालक का पता चलने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का आश्वासन देने पर मृतक के चचेरे भाई रामलाल नाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। दोनों भाई रात्रि में 11.50 बजे हॉटल में खाना खाकर श्रीडुंगरगढ की ओर से बीदासर अपने घर आ रहे थे। परिवार में पिता की मौत के बाद सबसे बड़ा शिवरतन ही था जो घर का खर्च चलाने वाला था। जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शिवरतन का शव ज्योंही उनके घर पहुचा तो घर में कोहराम मच गया।



अस्पताल परिसर में लगी भीड़।

# उप जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों में हुई तकरार

## दोनों चिकित्सक पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रामगढ़ पचवारा थाने में शिकायत दी गई

**रामगड़ पचवारा,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों में आपसी तकरार होने के बाद मामला थाने तक पहुंचा एवं दोनों चिकित्सक पक्षों द्वारा एक दूसरे के खिलाफ रामगढ़ पचवारा थाने में शिकायत दी गई।

वहीं चिकित्सकों के बीच हुए हंगामे के बाद मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा एवं मरीजों द्वारा इस घटनाक्रम का पूरा तमाशा देखा गया। उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक हिमांशु शर्मा द्वारा शनिवार को जिला चिकित्सालय में ही कार्यरत चिकित्सा अधिकारी दोनों भाईयों के खिलाफ शनिवार को शिकायत दर्ज कराई गई।

रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सा हिमांशु शर्मा ने बताया कि वे करीब पोने दस बजे पीएमओ कक्ष में उपस्थिति दर्ज कराने पहुंचे थे। उसी दौरान मरीजों के सामने पीएमओ द्वारा गलत व्यवहार कर गलत शब्दों का प्रयोग किया गया। इस मामले को लेकर पीएमओ से इस तरह का बर्ताव नहीं करने का उलाहना देने के बाद पीएमओ कक्ष से बाहर निकल गए। इसी दौरान पीएमओ लखन लाल मीणा उन पर हमला करने की नियत से उनकी तरफ दौड़ा जहां मौजूद मरीजों द्वारा बीच-बचाव किया गया। डॉ. हिमांशु ने बताया कि इसी दौरान पीएमओ लखन लाल मीणा के भाई शिवचरण मीणा जो कि उप जिला अस्पताल में चिकित्सक पद पर कार्यरत हैं उनके द्वारा गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारे गए जिससे उनके चोट आई एवं चहरे पर लगा चश्मा भी गिर गया।

इस मामले को लेकर डॉ. हिमांशु द्वारा दोनों चिकित्सक भाइयों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने व मारपीट करने की शिकायत रामगढ़ पचवारा थाने में दी गई। वहीं मामले को लेकर दूसरे पक्ष चिकित्सक शिवचरण मीणा ने कहा कि वे पीएमओ कक्ष से तेज आवाज आने के बाद वहां पहुंचे तो उनके द्वारा इस मामले में बीच-बचाव किया गया। उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई गलत कृत्य नहीं किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीसीएमएचओ डॉ धीरज शर्मा उप जिला अस्पताल रामगढ़ पचवारा पहुंचे। वहीं मामले को लेकर दोनों चिकित्सक पक्षों को बैठाकर जानकारी दी गई एवं समझाइश करने के बाद दोनों चिकित्सक पक्षों में सुलह कराई गई।


उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों के बीच विवाद के पश्चात बी.सी.एम.एच.ओ. ने चिकित्सकों के बीच आपसी सुलह कराई।

- चिकित्सकों में बीसीएमचओ ने कराई सुलह

## फायरिंग व लूट के आरोपियों को जेल

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के वार्ड नंबर 15 में अनाज व्यापारी लोकेश अग्रवाल पर फायरिंग कर साढ़े 14 लाख की लूट में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शनिवार को पांच दिन का पुलिस रिमांड पूरा होने पर फिर सभी आरोपियों को दांतारामगढ़ न्यायालय में पेश किया गया। न्यायाधीश ने आरोपी मुनीम महेश जाट, मनोज गुर्जर व खुशीराम स्वामी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के आदेश दे दिए गए। थानाधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि 25 मई को फायरिंग कर साढ़े 14लाख की लूट हुई थी जिसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो आरोपी अभी फरार है उनकी तलाश की जा रही है लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।


कार्यालय राज्य समन्वयक, राज्य पात्रता परीक्षा 2023

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय

बाँसवाड़ा-327001 (राज.)

क्रमांक : 122 दिनांक : 03.06.2023

**अधिसूचना**

राजस्थान राज्य पात्रता परीक्षा-2023 (R-SET 2023) की जारी अंतरिम पात्रता सूची में सम्मिलित परीक्षार्थियों को यूजीसी नियमानुसार ई-प्रमाण पत्र यथाशीघ्र जारी किए जा रहे हैं। पूर्व की अधिसूचना क्रमांक:-116 दिनांक 01.06.2023 एवं क्रमांक 117 दिनांक 03.06.2023 विलोपित की जाती है। विस्तृत सूचना हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.ggtu.ac.in) का नियमित अवलोकन करते रहें।

राज्य समन्वयक
राज्य पात्रता परीक्षा 2023

कार्यालय राज्य समन्वयक,पीटीईटी परीक्षा 2023

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय

बाँसवाड़ा-327001 (राज.)

क्रमांक : 95 दिनांक : 03.06.2023

**अधिसूचना**

राजस्थान पीटीईटी परीक्षा-2023 हेतु जारी विज्ञापन संख्या 01 दिनांक 15 मार्च 2023 को विधिवत जारी किया गया था। परीक्षा उपरांत निर्धारित कोटियों में ऑनलाईन संशोधन निर्धारित शुल्क 200/- ऑनलाईन अदा करने पर किया जा सकेगा। यह प्रकिया दिनांक 06.06.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 10.06.2023 तक जारी रहेगी। विस्तृत सूचना हेतु अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.ggtu.ac.in) का नियमित अवलोकन करते रहें।

समन्वयक
पीटीईटी परीक्षा 2023